आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–25 सितम्बर 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आज एक दिवसीय दौरे पर होगा मथुरा आगमन। श्री बांके बिहारी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में करेंगी दर्शन पूजन।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज ग्रेटर नोएडा में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के तीसरे संस्करण का करेंगे शुभारंभ। आयोजन में शामिल होंगे अस्सी से अधिक देशों के लोग।
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रेलवे कर्मचारियों के लिए अठहत्तर दिनों के बोनस को दी मंजूरी। एमबीबीएस और पीजी सीटों को पांच हजार से अधिक बढ़ाने का भी लिया निर्णय।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में व्यापारियों और उपभोक्ताओं से जीएसटी रिफॉर्म पर किया संवाद। कहा– महंगाई से राहत देगा सरकार का यह कदम।

**********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज एक दिवसीय दौरे पर मथुरा और वृंदावन आ रही हैं। वह वहां के श्री बांके बिहारी मंदिर के साथ अन्य मंदिरों में दर्शन पूजन करेंगी। उनके दौरे को लेकर पुलिस और प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***राष्ट्रपति नई दिल्ली से स्पेशल ट्रेन से वृंदावन रोड रेलवे स्टेशन छटीकरा आएंगी। श्रीमती मुर्मू वृंदावन में बांकेबिहारी मंदिर, निधिवन राज मंदिर और कुब्जा कृष्ण मंदिर में दर्शन करेंगी। साथ ही सुदामा कुटी में संत सुदामा दास की भजनकुटी का लोकार्पण करेंगी। राष्ट्रपति की सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतज़ाम किए गए हैं। मोहम्मद उमर कुरैशी, आकाशवाणी समाचार मथुरा।***

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के तीसरे संस्करण का शुभारंभ करेंगे। उन्तीस सितंबर तक आयोजित होने वाले इस ट्रेड शो के बारे में जानकारी देते हुए प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने बताया कि इस आयोजन में अस्सी से अधिक देशों के लोग शामिल होंगे। इस संस्करण में पांच लाख से अधिक विजिटर्स के आने की उम्मीद है।

***पिछले बार बाईस सौ करोड़ का लगभग जो आंकड़ा आया था। इस बार पाँच हजार करोड़ से कम का व्यापार नहीं होगा और पांच लाख से अधिक फुटपाल होगा और जिस तरह से प्रचार प्रसार इस बार हुआ है लोगों में चर्चा है क्योंकि तीसरा संस्करण है तो निश्चित तौर पर हमारे उत्तर प्रदेश के जो उत्पादक है, उद्यमी हैं उनको एक नया बाजार मिलेगा, बड़ा बाजार मिलेगा।***

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित होकर सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज इस विशेष श्रृंखला – 'सेवा पर्व' में, हम बता रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन– वेव्स के माध्यम से भारत को मीडिया और मनोरंजन का वैश्विक केंद्र बना रही है।

**नरेन्द्र मोदी सरकार का दृष्टिकोण भारत की रचनात्मकता शक्ति का उपयोग कर उसे वैश्विक नेता बनाने का है। इस दृष्टिकोण का एक हिस्सा मुंबई में इस साल 1 से 4 मई तक आयोजित विश्व ऑडियो विजुअल मनोरंजन शिखर सम्मेलन, वेव्स का पहला संस्करण था। इस आयोजन का उद्देश्य दुनिया भर के रचनाकारों, स्टार्टअप्स, उद्योग जगत के नेताओं और नीति निर्माताओं को एक साथ लाकर भारत को मीडिया, मनोरंजन और डिजिटल नवाचार के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करना था। वेव्स का उद्घाटन करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा था कि भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था सकल घरेलू उत्पाद में सकारात्मक योगदान दे सकती है।**

**भारत की क्रिएटिव इकोनॉमी आने वाले वर्षों में जीडीपी में अपना योगदान और बढ़ा सकती है। आज भारत फिल्म, प्रोडक्शन, डिजिटल कंटेंट, गेमिंग, फैशन और म्यूजिक का ग्लोबल हब बन रहा है। आज ग्लोबल एनीमेशन मार्केट प्राइस 430 बिलीयन डॉलर से ज्यादा का है अनुमान है कि अगले 10 सालों में यह डबल हो सकता है। यह भारत की एनिमेशन और ग्राफिक इंडस्ट्री के लिए बहुत बड़ा अवसर है।**

**विविध चुनौतियों और सहयोग के लिए एक मंच के रूप में, वेव्स ने भारत के मीडिया और मनोरंजन के भविष्य पर एक स्थायी प्रभाव डाला है। समाचार कक्ष से सरफिरोजी।**

**********

लखनऊ में कल प्रदेश के चार लाख से अधिक छात्र–छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहेंगे। प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप ने बताया कि इस वर्ष विशेष पहल करते हुए छात्रवृत्ति समय से पहले देने का निर्णय लिया गया है। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट..........

***प्रदेश सरकार ने छात्र–छात्राओं के हितों को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष एक विशेष पहल की है। इसके अंतर्गत अब तक फरवरी–मार्च माह में मिलने वाली छात्रवृत्ति अब नवरात्र और सितम्बर माह में वितरित की जाएगी। प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप ने बताया कि वर्ष 2024 में प्रदेश के पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लगभग 59 लाख छात्र–छात्राओं को छात्रवृत्ति मिली थी, जबकि वर्ष 2025 में यह संख्या बढ़कर 70 लाख से अधिक हो जाएगी। आकाशवाणी समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।***

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कल हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि कैबिनेट की बैठक में रेलवे कर्मचारियों को अट्ठहत्तर दिनों के उत्पादकता आधारित बोनस देने को मंजूरी दी गई। बोनस का लाभ दस लाख नब्बे हजार रेल कर्मचारियों को मिलेगा।

***रेलवे के कर्मचारियों के लिए बहुत बड़ी खुशखबरी है। प्रोडक्टिविटी लिंक्ड बोनस अप्रूव किया गया। कैबिनेट में माननीय प्रधानमंत्री जी ने सेवेंटीएट डेज का एक हज़ार आठ सौ छियासठ करोड़ रुपीज का बोनस रेलवे के सभी कर्मचारियों को दिया जाएगा। करीब दस लाख नब्बे हज़ार कर्मचारी हैं जिनको इसका बेनिफिट मिलेगा।***

केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसले से रेल कर्मचारियों में खुशी की लहर है। उत्तर रेलवे लखनऊ के कर्मचारी विभूति मिश्रा ने बोनस की घोषणा पर प्रधानमंत्री का आभार जताया है।

***रेलवे कर्मचारी के पक्ष में बड़ा अच्छा डिसीजन है। इसके लिए हम सरकार का आभार व्यक्त करते हैं। मुझे लगता है की इस कदम से जो है कहीं न कहीं मार्केट में भी थोड़ा बूम आने का काम होगा। लोग परचेजिंग करेंगे और जो अभी जी एस टी दर केंद्र सरकार ने कम करी है उसका फायदा लोगों को मिलेगा।***

इसके अलावा कैबिनेट ने राज्य और केंद्र सरकार के मौजूदा मेडिकल कॉलेजों, स्वतंत्र स्नातकोत्तर संस्थानों, और सरकारी अस्पतालों के सुदृढ़ीकरण के लिए केंद्र प्रायोजित योजना के तीसरे चरण को स्वीकृति दे दी है। इससे पांच हजार स्नातकोत्तर और करीब पांच हजार एमबीबीएस सीटें बढ़ाई जा सकेंगी।

**********

अगली पीढ़ी के वस्तु और सेवा कर सुधार बाइस सितंबर से लागू हो चुके हैं। नए सुधारों के अंतर्गत, जीएसटी परिषद ने पांच प्रतिशत, बारह प्रतिशत, अट्ठारह प्रतिशत, अट्ठाइस प्रतिशत की चार–स्तरीय संरचना को अब पांच प्रतिशत और अट्ठारह प्रतिशत की दो–स्तरीय संरचना में बदल दिया है। एक रिपोर्ट–

**सरकार ने आम लोगों के खर्च में कमी लाने के लिए खाद्य उत्पादों पर जीएसटी दर में बड़ी कटौती की है। ने बादाम, हेजलनट्स, खजूर और अंजीर जैसे सूखे मेवों पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया है। इसी तरह मधुमेह मरीजों पर आर्थिक बोझ कम करने के लिए विशेष आहार उत्पाद पर कर 12: से घटाकर 5: कर दिया गया है इसके साथ ही घर में पोषण बेहतर हो इसके लिए सुखे मेवों पर जीएसटी की दर भी 12: से घटाकर 5: कर दी गई है।**

**नये जीएसटी सुधारों के तहत यह बदलाव देशभर में लोगों को रोजाना पोषण सुनिश्चित करने और स्वस्थ आहार खाने के लिए प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। रोहन के साथ आदित्य प्रताप, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ के हज़रतगंज में व्यापारियों और उपभोक्ताओं से मुलाकात कर जीएसटी रिफॉर्म को लेकर संवाद किया। इस दौरान मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि यह रिफॉर्म महंगाई से राहत देने की दिशा में बड़ा कदम साबित होंगा।

***घर के उपयोग में आने वाले सभी प्रकार की सामग्रियों में जीएसटी में भारी कटौती करके जीरो या पांच पर्सेंट तक लाया गया है। इसका लाभ हर एक तबके को प्राप्त हो रहा है। इस रिफॉर्म का जो लाभ देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने, वर्तमान की चुनौतियों का सामना करने के साथ साथ महंगाई को न्यूनतम स्तर पर लाने में इससे मदद मिलेगी। चूंकि उत्तर प्रदेश आबादी का सबसे बड़ा राज्य है। इसका सबसे बड़ा लाभ उत्तर प्रदेश को प्राप्त हो रहा है।***

**********

नवरात्र के चौथे दिन आज प्रदेश भर में मॉ भगवती के चौथे स्वरूप माता कुष्मांडा की अराधना की जा रही है। सुबह से ही देवी मंदिरों और शक्तिपीठों पर पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की कतार लग गयी है। जौनपुर के मां शीतला चौकिया धाम में भक्तों की लम्बी कतार लगी हुई है।

**********